चर्चा हेतू टिप्पणी

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा के अन्तर्गत हरियाणा राज्य में 195 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (152 सहशिक्षा तथा 36 संस्थान केवल महिलाओं के लिए), 7 सरकारी सहायता प्राप्त सैनिक परिवार भवन आई0टी0आई0 और 225 प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत इंजीनियरिंग एवं नान–इंजीनियरिंग व्यवसायों में कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

वर्तमान में जिला पानीपत में 7 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तथा 02 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) चल रहे है, जिनकी स्वीकृत युनिट तथा सीटों का ब्यौरा निम्न प्रकार से है:–

क0	औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई0टी0आई0) का नाम	स्वीकृत युनिट	स्वीकृत सीटें
1.	राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बापौली	13	280
2.	राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पानीपत	61	1336
3.	राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला), पानीपत	06	128
4.	राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बराना	10	208
5.	राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला), समालखा	04	84
6.	राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चुलकाना	05	108
7.	राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नौल्था	15	316
8.	राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पाथरी	05	104
9.	सैनिक परिवार भवन आई0टी0आई0, मतलौडा	12	256

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, **चुलकाना** के भवन निर्माण बारे:–

1. ग्राम पंचायत चुलकाना द्वारा 40 कनाल 13 मरले भूमि का प्रस्ताव 33 वर्ष की लीज पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भवन बनवाने के लिए पारित किया गया था जिस पर अतिरिक्त मुख्य सचिव, विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा स्वीकृति दी जा चुकी है।
2. मुख्य वास्तुकला, वास्तुकार विभाग से नक्शे तैयार करवाने उपरान्त भवन का 1687.58 लाख रूपये का कच्चा अनुमानित चिट्ठा लोक निर्माण विभाग द्वारा दिनांक 27.09.2023 को इस विभाग को भेजा गया।
3. विभाग द्वारा निरीक्षण उपरान्त पाया गया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा भेजे गए कच्चे अनुमानित चिट्ठे में कई मदें अधिक डाली गई थी अतः विभाग द्वारा दिनांक 06.11.2023 को प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण विभाग भवन एवं सड़कें से अनुरोध किया गया कि जो निर्माण कार्य पहले करवाए जा सकते हैं उनका कच्चा अनुमानित चिट्ठा बनवाकर भिजवाया जाए।
4. लोक निर्माण विभाग को 1509.15 लाख रूपये के कच्चा अनुमानित चिट्ठा के आधार पर दिनांक 12.12.2023 को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है।
5. इस भवन का निर्माण कार्य जून 2024 तक आरम्भ कर दिया जाएगा।